# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक / भण्डार / 2023 / 3144      दिनांक 6/12/2023

**निविदा सूचना**

जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर में फोटोकॉपी कार्य हेतु स्वंय की फोटोकॉपी मशीन लगाये जाने हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईड http://www.jiwaji.edu से प्राप्त की जा सकती है।

कुलसचिव
जीवाजी विश्वविद्यालय
ग्वालियर

Scanned with CamScanner

# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक / भण्डार / 2023 / 344 दिनांक 6 / 10 / 2023

## निविदा सूचना

जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर में फोटोकॉपी कार्य हेतु स्वंय की फोटोकॉपी मशीन लगाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, प्रतिमाह लगभग 5 से 10 हजार फोटो कॉपी होती है जिसके लिए 2 फोटो कॉपी मशीन अनुबंध आधार पर स्थापित की जानी है निविदा विश्वविद्यालय की वेबसाईड http://www.jiwaji.edu से डाउनलोड की जा सकती है। निविदा फार्म की राशि 500रू. एवं अमानत राशि 10,000रू. (दस हजार रूपये) का बैंक ड्राफ्ट जो कि कुलसचिव जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर नाम देय होगा, संलग्न करना अनिवार्य हैं पूर्णतः भरी हुई निविदाएं सीलबंद लिफाफे में स्पीड पोस्ट द्वारा दिनांक 30.10.23 शाम बजे तक प्रभारी भण्डार, सहायक कुलसचिव विश्वविद्यालय कार्यालय में पहुँचना अनिवार्य है। निर्धारित समय एवं तिथि पश्चात् प्राप्त निविदायें स्वीकार नहीं की जावेगी। निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की बेबसाइट http://www.jiwaji.edu से प्राप्त की जा सकती है।

कुलसचिव
जीवाजी विश्वविद्यालय
ग्वालियर

CS Scanned with CamScanner

# जीवाजीविश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/भण्डार/2023/344 दिनांक. 06/10/2023

फोटोकॉपी मशीन लगाये जाने संबंधी आवश्यक तकनीकि अर्हताएँ

| क्रं. | अर्हकारी शर्ते | |
|---|---|---|
| 1. | निविदाकर्ता फर्म को म0प्र0 शासन के जिला उद्योग कार्यालय, नगर निगम में फोटोकॉपी कार्य के लिये पंजीकृत (व्यापार की लायसेंस/गुमास्ता/अनुज्ञप्ति) होना आवश्यक हैं।<br>पंजीयन प्रमाणपत्र की जीवित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है। | |
| 2. | निविदाकर्ता फर्म को वस्तु एवं (GST) में पंजीयन की छायाप्रति संलग्न करना होगा। | |
| 3. | विगत तीन वर्षो का इनकम टेक्स रिर्टन की छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है। | |
| 4. | निविदा प्रपत्र की राशि 500 रू. एवं अमानत राशि रूपये 10,000/— (अंकन दस हजार मात्र) की सुरक्षा निधि (Earnest Money) कुलसचिव जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर के नाम देय होगा। | |

# फोटोकॉपी मशीन स्थापित किये जाने हेतु आवश्यक निर्देश

1. लिफाफे के ऊपर फोटोकॉपी मशीन स्थापित किये जाने हेतु निविदा स्पष्ट अक्षरों में लिखा होना चाहिये।
2. निविदा दो लिफाफा पद्वति से किया जाना है, A लिफाफा में अमानत राशि तथा लायसेंस/गुमास्ता संलग्न करना अनिवार्य है, B लिफाफा में फायनेंशियल बिड होगी। लिफाफा A एवं B लिफाफा C में रख कर प्रेषित किया जायेगा।
3. निविदाकर्ता को फोटोकॉपी कार्य के लिये जिला/नगरनिगम में पंजीयन होना आवश्यक है।
4. निविदा फार्म की राशि 100 रू. के साथ अमानत राशि 10,000 रू. का बैंक ड्राप्ट जो कि कुलसचिव जीवाजी विश्वविद्यालय के नाम देय होगा संलग्न करना अनिवार्य है।
5. प्राप्त निविदायें टेण्डर ओपन समिति/तकनीकि समिति द्वारा खोली जावेगी। निविदाकर्ता व उनके प्रतिनिधि उपस्थित हो सकतें हैं।
6. कार्य का समय प्रातः 10 बजे से कार्य समाप्त होने तक एवं कार्य समय सीमा में पूर्ण करना होगा। विशेष परिस्थिति में कार्य की आवश्यकता होने पर कार्यालयीन समय के पश्चात् भी फर्म को कार्य करना होगा।
7. उत्तम गुणवत्ता का पेपर (जे.के. ब्रांड एक्जक्यूटिव ब्रांड अथवा समतुल्य) न्यूतम 75 gsm एवं फोटोकॉपी की स्याही की गुणवत्ता उत्तम दर्जे की पठनीय होना चाहिए। यदि छायाप्रति पठनीय नहीं है या अधूरी या अस्पष्ट है तो भुगतान नहीं किया जावेगा। फोटोकॉपी के लिए पेपर फर्म को ही प्रदान करना होगा।
8. पेपर अथवा स्याही की गुणवत्ता जिन फोटोकॉपी प्रतियों में शर्तों के मुताबिक नहीं होगी उसका भुगतान नहीं किया जावेगा।
9. फोटोकॉपीयर मशीन, पेपर, मेंन्टेनेंस एवं आपरेटर की पूर्ण जिम्मेदारी फर्म की होगी। केवल फोटोकॉपीयर मशीन स्थापित करने की जगह एवं विद्युत (पावर) उपलब्ध कराया जाएगा।
10. प्रदान किये गये कक्ष का किराया 1000रू (एक हजार) एवं उपयोग की गई बिजली का व्यय मीटर रीडिंग अनुसार प्रतिमाह होगा।

11. प्रदान किये गये कक्ष का निर्धारित किराया एवं विद्युत व्यय सुरक्षा के रूप में अग्रिम रू 10,000 (दस हजार) रूपया अग्रिम जमा करना होगा जो कि अंतिम माह में समायोजित किया जावेगा। तथा कार्य अवधि माह के प्रथम सप्ताह में निर्धारित किराया विश्वविद्यालय कोष में निरंतर जमा करना होगा।

12. फर्म को, उपयोग किये गये विद्युत का व्यय व्यावसायिक दर से मीटर रीडिंग अनुसार विश्वविद्यालय को भुगतान करना होगा।

13. फर्म को कम से कम 3 अच्छी क्वालिटी (heavy duty) की फोटोकॉपी मशीन स्थापित करनी होगी।

14. ज्यादा पृष्ठों का सेट बनाने का कार्य भी फर्म को कर के देना होगा। जिसमें Reduction and enlargement की सुविधा होना चाहिये।

15. देयक का भुगतान प्रतिकॉपी की दर से अधिकृत प्रभारी अधिकारी के दिए गए आदेश पत्र के आधार पर होगा।

16. विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत दरें आदेश होने की तिथि से एक वर्ष के लिए लागू रहेगी एवं आवश्यकतानुसार इस अवधि को फर्म की आपसी सहमति से एक वर्ष, के लिए और बढ़ाया जा सकता है। इस अवधि के दौरान दरों में कोई भी वृद्धि नहीं की जा सकती है।

17. निविदा रजिटर्ड डांक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही स्वीकार की जावेगी। निर्धारित तिथि एवं समय पश्चात निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।

18. निविदा स्वीकृत करने न करने का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित होगा।

19. अनुबंध की शर्तों का पालन नहीं होने पर विश्वविद्यालय द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के अनुबंध अवधि पूर्ण होने के पूर्व ही समाप्त किया जा सकता है एवं धरोहर राशि जब्त की जावेगी एवं दूसरे कम के न्यूनतम दर वाले निविदाकर्ता से कार्य कराया जायेगा। इसमें जो वित्तीय हानि होगी उसकी वसूली स्वीकृत निविदाकर्ता से की जावेगी।

20. आयकर जीएसटी एवं शॉप एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन की प्रतिलिपि निविदा के साथ संलग्न करना होगा।

21. यदिनिविदा खुलने की तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है तो तिथि आगामी कार्य दिवस हेतु स्वतः बढ़ जाएगी।
22. वित्तीय निविदा स्पष्ट एवं सुवाच्य अंकों एवं शब्दों में होना चाहिये ओवर राईडिग एवं कटी/फटी निविदा स्वीकार्य नहीं की जावेगी।
23. निविदाकर्ता को सभी दरें भरना अनिवार्य है अपूर्ण निविदा मान्य नहीं की जावेगी।
24. सभी आईटमों के दरों का कुल योग को न्यूनतम (L-1) मान्य किया जावेगी।
25. मशीन के द्वारा की गई फोटोकॉपी की गुणवत्ता एवं संख्या की सामायिक/आकस्मिक जॉच माननीय कुलपति/कुलसचिवजी द्वारा नामांकित अधिकारी द्वारा की जासकेगी।
26. किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायालयीन क्षेत्राधिकारी ग्वालियर होगा।
27. कार्य की पूर्ण गोपनीयता बनाये रखना फर्म की जिम्मेदारी होगी।
28. बाहरी व्यक्ति का प्रवेश निषिद्ध होगा। फर्म द्वारा जिस व्यक्ति को कार्य के लिये अधिकृत किया जावेगा केबल वही व्यक्ति कक्ष में उपस्थित रहेगा।

**–: घोषणापत्र :–**

मुझे/हमारी फर्म को उपरोक्त 01 से 26 तक की शर्तें पूर्णतः मान्य है हम उपरोक्त शर्तों के अनुसार जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर में "फोटोकॉपी कार्य" करने को तैयार हूँ।

शपथगृहीता के हस्ताक्षर व

सीलः–

प्रतिनिधि का नाम :–

फर्म का नाम एवं पता :–

मोबाईलनं. :–

# जीवाजीविश्वविद्यालय, ग्वालियर

## वित्तीय निविदाफार्म

| क्र. | विवरण | दर प्रति पेज | GST | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | A-4 साईज फोटोकॉपी | | | |
| 2. | A-4 साईज फोटोकॉपी बोथसाईड | | | |
| 3. | A-3 साईज फोटोकॉपी | | | |
| 4. | A-3 साईज फोटोकॉपी बोथसाईड | | | |

**टीप :–**

1. कर अतिरिक्त दर्शायें।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर व सील :–

प्रतिनिधि का नाम :–

फर्म का नाम एवं पता :–